# कार्यालय, मुख्य चुनाव अधिकारी
# राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2018
# अधिष्ठाता, छात्र कल्याण परिसर
# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक डी.एस.डब्ल्यू./चुनाव/2018/1464 दिनांकः 22/08/2018

## चुनाव अधिसूचना

1. राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ संविधान–2017 की धारा 25 (a)(b)(c) द्वारा प्रदत्त सक्षमता एवं धारा 32 के अंतर्गत सृजित **"राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव : नियम एवं दिशा–निर्देश–2017"** में वर्णित प्रक्रिया के अन्तर्गत एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ तथा संघटक महाविद्यालयों के स्तर पर वर्णित छात्रसंघों के शैक्षणिक सत्र 2018–19 की अवधि के चुनाव निम्न कार्यक्रमानुसार **31 अगस्त, 2018** को आयोजित होंगे :–

| क्रमांक | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रत्येक इकाई द्वारा दिनांक 21/08/2018 तक प्रवेश प्राप्त छात्रों की सूची का मतदाता सूची के रूप में औपचारिक प्रकाशन | 23/08/2018 गुरूवार | प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 2. | मतदाता सूचियों पर आपत्ति प्राप्त करना | 24/08/2018 शुक्रवार | प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक |
| 3. | प्रत्येक इकाई स्तर पर मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन तथा समस्त सूचियों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपियाँ, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करना | 24/08/2018 शुक्रवार | अपराह्न 1.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 4. | उम्मीदवारी हेतु नामांकन–पत्र दाखिल करना | 25/08/2018 शनिवार | प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | समस्त उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की छाया प्रतियों को खुले अवलोकन हेतु सूचना पट्ट/ वेबसाईट पर प्रदर्शित करना | 25/08/2018 शनिवार | अपराह्न 3:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक |
| 6. | किसी भी उम्मीदवार के नामांकन पत्र की किसी भी प्रविष्टि पर जाँच एवं आपत्ति/शिकायत, संबंधित छात्रसंघ के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्राप्त करना | 25/08/2018 शनिवार | सायं 4.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 7. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटिनी) पश्चात् उम्मीदवारों की सूचियों का संबंधित छात्रसंघ के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रकाशन | 27/08/2018 सोमवार | प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | संबंधित छात्र संघ के रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेना | 27/08/2018 सोमवार | अपराह्न 1.00 बजे से 3:00 बजे तक |
| 9. | नाम वापसी के पश्चात् उम्मीदवारों की अन्तिम नामांकन सूची का प्रकाशन | 27/08/2018 सोमवार | सायं 4:00 बजे |
| 10. | मतदान प्रक्रिया :<br>प्रत्येक मतदाता के संबंधित विभाग/इकाई/ महाविद्यालय में निर्दिष्ट मतदान केन्द्र पर | 31/08/2018 शुक्रवार | प्रातः 8.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 11. | मतगणना एवं चुनाव परिणामों की घोषणा एवं विजयी उम्मीदवारों का शपथ ग्रहण<br>मतगणना स्थल :<br>(i) राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ एवं शोध छात्र प्रतिनिधि चुनाव हेतु- मानविकी पीठ सभागार<br>(ii) संघटक महाविद्यालय छात्रसंघ-संबंधित इकाई परिसर में<br>(iii) कक्षा प्रतिनिधि सम्बन्धित इकाई परिसर में | 11/09/2018 मंगलवार | प्रातः 11:00 बजे से कार्य समाप्ति तक |

2. नामांकन की समस्त प्रक्रिया, प्रस्तावित उम्मीदवार के संबंधित विभाग/महाविद्यालय/ शैक्षणिक इकाई जिसमें सत्र 2018-19 में वह नियमित विद्यार्थी है, में सम्पन्न होगी। इन शैक्षणिक इकाइयों में नामांकन-पत्र, नाम वापसी-पत्र, छात्र संघ का संविधान, संविधान के अंतर्गत सृजित ''नियम एवं दिशा निर्देश'' आदि निर्धारित शुल्क की सूचना सहित अधिसूचना के साथ ही भेजे जा रहे हैं।

3. नाम वापसी की प्रक्रिया, राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों हेतु छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय तथा ''संघटक महाविद्यालय छात्रसंघ'' पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधि हेतु संबंधित शैक्षणिक इकाई में दिनांक 27/08/2018 को अपराह्न 1.00 बजे से 3.00 बजे तक आयोजित होगी।

4. मतदान की प्रक्रिया, स्नातकोत्तर विभागों/शैक्षणिक इकाइयों एंव संघटक महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित होगी। **दिनांक 21/08/2018 तक प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी ही अपने प्रवेश की शैक्षणिक इकाई या मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित चुनाव केन्द्र पर मतदान कर सकेंगे।**

5. राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के विभिन्न पदों हेतु प्राप्त समस्त नामांकन पत्रों की छाया-प्रतियाँ, छात्र कल्याण कार्यालय अधिष्ठाता के सूचना-पट्ट तथा राजस्थान

विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.uniraj.ac.in) पर प्रदर्शित की जायेगी। संघटक महाविद्यालय छात्रसंघों एवं कक्षा प्रतिनिधि के नामांकन पत्रों की छाया-प्रति संबंधित शैक्षणिक इकाई में प्रदर्शित होगी। नामांकन-पत्रों की प्रविष्टियों से संबंधित आपत्ति/शिकायत संबंधित छात्र संघ के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कार्यक्रमानुसार स्वीकार की जायेगी।

6. **छात्रसंघ संविधान में उल्लिखित आचार-संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) के उल्लंघन अथवा भविष्य में नामांकन-पत्र में किसी भी असत्य कथन अथवा वांछित तथ्य छुपाये जाने अथवा गलत पाये जाने पर किसी भी उम्मीदवार को चुनाव से अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।**

**(प्रो. विजय वीर सिंह)**
मुख्य चुनाव अधिकारी

**क्रमांक डी.एस.डब्ल्यू./चुनाव/2018/1465-1534** **दिनांक 22/08/2018**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है -

1. प्राचार्य, समस्त संघटक महाविद्यालय/विभागाध्यक्ष/निदेशक, शैक्षणिक विभाग/संस्थान/ केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ।
2. मुख्य कुलानुशासक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. मुख्य आवासाधिकारी छात्र/छात्रा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. वित्त नियंत्रक एवं वित्त सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. समस्त उपकुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
10. विश्वविद्यालय अभियन्ता, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
11. अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी।
12. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव/वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ।

**मुख्य चुनाव अधिकारी**